# घराना मिला श्याम का | By Shailja Singh Kapoor

जय श्री श्याम, जय श्री श्याम
जय श्री श्याम, जय श्री श्याम

इतनी चमक दमक है बाबा आप के आने से
आज तो हम भी कह देंगे जुड़े हम श्याम घराने से

बड़ा है काम इनका, बड़ा है नाम इनका
खाटू में जाकर देखो, बड़ा है धाम इनका
बड़े बड़े बन जाते काम अर्ज़ी लगाने से
आज तो हम भी कह देंगे जुड़े हम श्याम घराने से

कभी ना कोई खाली इनकी चौखट से आया
जिसने जो चाहा दिल से, इसी चौखट से पाया
भर देता है झोली अपनी श्याम ख़ज़ाने से
आज तो हम भी कह देंगे जुड़े हम श्याम घराने से

आप भी जुड़ जाओगे, श्याम को संग पाओगे
देखोगे मुड़ मुड़ इनको जीने का ढंग पाओगे
कहता सुरीले नाम जुड़ेगा निशान चढाने से
आज तो हम भी कह देंगे जुड़े हम श्याम घराने से

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%98%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-shailja-singh-kapoor/